MMRC ने की 2 की नियुक्ति

आर. रमना देखेंगे योजना, तो राजीव करेंगे देखभाल

■ मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क. मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) ने आर. रमना को योजना और रियल एस्टेट डेवलपमेंट एनएफबीआर के निदेशक और राजीव को सिस्टम (ऑपरेशन एंड मेंटीनेंस) के निदेशक के रूप में नियुक्त किया है. बता दें कि आर. रमना के पास अर्बन प्लानिंग, ट्रैफिक, ट्रांसपोर्ट और रीजनल प्लानिंग, फाइनेंस और इन्फ्रास्ट्रक्चर और अर्बन हाईवे प्रोजेक्ट्स के काम का तीन दशकों से अधिक का अनुभव है. रमना ने लगभग 9 वर्षों तक लाइन-3 के कार्यान्वयन, भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन, पर्यावरण को संभालने के लिए एमएमआरसी के कार्यकारी निदेशक के रूप में काम किया है. वह मुंबई मेट्रो के मास्टर प्लानिंग, विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) की योजना बनाने और मुंबई लाइन 2 और 3 के विशिष्ट कोरिडोर्स के कार्य करने में एक प्रमुख सदस्य में से थे और उन्होंने उच्च न्यायालय समिति में सदस्य के रूप में जिम्मेदारी भी निभाई है.

विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहे

उन्होंने आईआईटी बॉम्बे में कई सार्वजनिक परामर्श प्रक्रियाएं और बाहरी परीक्षक भी रहे है. राजीव ने अपना करियर भारतीय रेलवे के साथ वर्ष 1995 में शुरू किया और फरवरी 2016 तक विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहे. रेलवे और मेट्रो रेल सिस्टम में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है, उन्हें रोलिंग स्टॉक, ओवरहेड ट्रैक्शन, पावर सप्लाई का ज्ञान है. राजीव ने पहले डिप्टी चीफ विजिलेंस अफसर के रूप में भी 5 वर्षों तक काम किया है. एमएमआरसी में जनरल मैनेजर (रोलिंग स्टॉक) के रूप में शामिल हुए.